# 5 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी करने वाला पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तर प्रदेश ने **पाँच करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी करने वाला भारत का पहला राज्य बनकर** एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

## मुख्य बिंदु:

- **आर्थिक रूप से वंचित व्यक्तियों को स्वास्थ्य देखभाल लागत के खिलाफ वित्तीय सुरक्षा** प्रदान करने के उद्देश्य से बनाई गई आयुष्मान भारत योजना में उत्तर प्रदेश में उल्लेखनीय प्रगति देखी गई है।
  - **कुल 50,017,920 आयुष्मान कार्ड जारी किये गए, जिससे 74,382,304 व्यक्तियों को लाभ हुआ,** राज्य इस महत्त्वपूर्ण पहल को लागू करने में अग्रणी बनकर उभरा है।
- आयुष्मान कार्ड जारी करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया गया है, **पंचायत सहायकों, जोतदारों और आशा कार्यकर्त्ताओं** ने निवासियों के लिये कार्ड बनाने की सुविधा हेतु घर-घर जाकर दौरा किया है।
  - पात्र लाभार्थी अपने कार्ड अपने संबंधित गाँवों के ग्राम पंचायत भवन से भी प्राप्त कर सकते हैं।
- आयुष्मान भारत योजना के तहत, उत्तर प्रदेश में 92.48% की प्रभावशाली निपटान दर के साथ कुल 3,481,252 स्वास्थ्य दावे दायर किये गए हैं।
  - यह ज़रूरतमंदों को समय पर सहायता प्रदान करने में योजना की प्रभावशीलता को इंगित करता है।

## आयुष्मान भारत योजना

- यह पूरी तरह से सरकार द्वारा वित्तपोषित **विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है।**
- वर्ष 2018 में लॉन्च की गई, यह माध्यमिक देखभाल और तृतीयक देखभाल के लिये **प्रति परिवार 5 लाख रुपए** की बीमा राशि प्रदान करती है।
  - स्वास्थ्य लाभ पैकेज में **सर्जरी, चिकित्सा** एवं डे केयर उपचार, दवाओं और निदान की लागत शामिल है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-first-state-to-issue-5-crore-ayushman-cards